लडकियों की शिक्षा पर आधारित

'सोंगटी' नाटक की पेशकश

पुणे. सामाजिक संस्था पंख और विवकहिल फाऊंडेशन के शालांगन प्रकल्प के अंतर्गत स्व.बाबूराव सणस कन्याशाला ,मंगलवारपेठ में 6 जनवरी को दोपहर 3 बजे 'सोंगटी' नाटक का मंचन होगा. यह नाटक लड़कियों की शिक्षा पर आधारित है. मराठी अभिनेत्री माधवी सोमण और अंजली धारू दोनों ने इसमें प्रमुख भूमिका की है. यह सभी के लिए निःशुल्क होगा.

- हालही में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई. इसलिए नाटक का विषय लड़कियों की शिक्षा पर आधारित होगा. आज के युग में लड़कियों की शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है और जीवन में कडा संघर्ष कर एक गरीब घर की सोंगटी अपनी शिक्षा पूरी कर किस तरह अपने पैरों पर खडी होती है,यह इस नाटक के माध्यम से दिखाया जायेगा. इस कार्यक्रम का स्व.बाबूराव सणस कन्या स्कूल, वसंतदादा पाटिल स्कूल और कर्मवीर भाऊराव पाटिल स्कूल की लड़कियां और उनके पालक उपस्थित रहेंगे.

- प्रमुख अतिथि के रूप में शिक्षण मंडल की अध्यक्षा वासंती काकडे और शिक्षणाधिकारी दिपक माली उपस्थित रहेंगे. विवकहील फाउंडेशन के सीएसआर प्रमुख अजय शिर्के,बाबूराव सणस स्कूल की संचालिका निर्मला कांबले,पंख संस्था की विश्वस्त सीमा ननावरे और पंख की संचालिका स्मिता आपटे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहेंगी.